भाषाविज्ञान शब्दावली

अंग्रेजी-हिंदी तथा हिंदी-अंग्रेजी

षरिवर्धित संस्करण

GLOSSARY OF LINGUISTICS

(ENGLISH-HINDI and HINDI-ENGLISH)

Enlarged edition

[कंप्यूटर डाटाबेस * COMPUTER DATABASE]

Digital India
Power To Empower

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग) भारत सरकार

भाषाविज्ञान शब्दावली

(अंग्रेजी-हिंदी तथा हिंदी-अंग्रेजी)

परिवर्धित संस्करण

GLOSSARY OF LINGUISTICS

(ENGLISH-HINDI and HINDI-ENGLISH)

Enlarged edition

[कंप्यूटर डाटाबेस * COMPUTER DATABASE]

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार

COMMISSION FOR SCIENTIFIC & TECHNICAL TERMINOLOGY
Ministry of Human Resource Development
(Department of Education)
GOVERNMENT OF INDIA

1992

प्रथम संस्करण, 1969

पुनरीक्षित, परिवर्धित तथा अद्यतन संस्करण, 1992
[कंप्यूटर डाटाबेस]

प्रथम ई-संस्करण, 2019

प्रकाशक : वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्
नई दिल्ली -110 066

अध्यक्ष की कलम से

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 1961 में अपनी स्थापना समय से ही, उसे सौंपे गए कार्य-भार अनुसार भारतीय भाषाओं में शिक्षा माध्यम परिवर्तन हेतु विभिन्न विषयों में भारतीय भाषाओँ की मानक शब्दावली तथा विश्वविद्यालय स्तरीय विभिन्न विषयक पुस्तकों का निर्माण एवं प्रकाशन करता आ रहा है । इस दीर्घ अवधि में आयोग ने विभिन्न आवश्यक विषयों से संबंधित अंग्रेजी-हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषा शब्दावलियों का निर्माण एवं प्रकाशन किया है । इक्कीसवीं सदी के सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में शिक्षा एवं ज्ञानार्जन के साधन को सद्यः उपलब्धता में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है । ई-गवर्नेंस, ई-व्यवसाय एवं डिजिटल इंडिया जैसे क्रिया-कलाप दैनंदिन जीवन के अंग हो गए हैं। ऐसे में आयोग ने भी इन अधुनातन साधनों का उपयोग करने का निश्चय किया । इस क्रम में आयोग द्वारा निर्मित सभी शब्दावलियों, परिभाषा-कोशों का ई-संस्करण आपको सहज रूप से उपलब्ध कराने के **उद्देश्य** से ई-बुक निर्माण योजना पर कार्य प्रारंभ किया गया है । इसी **उद्देश्य** की पूर्ति हेतु **'भाषाविज्ञान शब्दावली (अंग्रेजी-हिंदी तथा हिंदी-अंग्रेजी)'** का ई-बुक का संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है ।

मुझे इस शब्दावली कोश का ई-संस्करण आप सबको सुलभ कराते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है । इसी भांति आयोग द्वारा अन्य विषयों के भी हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की शब्दावली, परिभाषा-कोशों का ई-संस्करण प्रकाशित करने के कार्य भी प्रगति पर है । आयोग को सौंपे गए महत्वपूर्ण दायित्व में से एक दायित्व, निर्मित शब्दवलियाँ प्रयोक्ताओं तक पहुँचाने का रहा है । इलेक्ट्रोनिक माध्यम से आयोग अपने प्रकाशनों के प्रचार-प्रसार में अधिक प्रभावशाली होगा । मुझे आशा है आयोग द्वारा किए जा रहे इस प्रयास से निर्मित शब्दावलियाँ जन-जन तक पहुंचेगी साथ ही सभी जिज्ञासु इस ई-संस्करण का अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे।

अ० कुमा

प्रो. अवनीश कुमार
अध्यक्ष

भाषाविज्ञान शब्दावली (अंग्रेजी-हिंदी तथा हिंदी-अंग्रेजी) ई-शब्द संग्रह निर्माण से संबद्ध आयोग के अधिकारी

प्रधान संपादक

प्रो. अवनीश कुमार

अध्यक्ष

संपादक

डॉ. अशोक एन. सेलवटकर

(सहायक निदेशक)

श्री शिव कुमार चौधरी

(सहायक निदेशक)

श्री जय सिंह रावत

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

श्रीमती चक्प्रम बिनोदिनी देवी

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

सुश्री मर्सी ललरोहलू हमार

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

विषय-सूची

प्रस्तावना

भाषाविज्ञान शब्दावली का प्रथम संग्रह सन् 1972 में "मानविकी खंड-5" के अंतर्गत प्रकाशित हुआ था जो 1973 में प्रकाशित "बृहत् पारिभाषिक शब्द-संग्रह (मानविकी)" में भी समाविष्ट कर लिया गया था । उक्त संग्रहों में मुख्यत: चॉम्स्की से पूर्व के भाषावैज्ञानिक संप्रदायों के पारिभाषिक शब्द ही शामिल थे । इस बीच पिछले दो-तीन दशकों में भाषाविज्ञान की कई नई विचारधाराएं और शाखाएं सामने आईं और इनके साथ ही भाषावैज्ञानिक साहित्य में नई पारिभाषिक शब्दावली की एक बाढ़-सी आई ।

इस नई शब्दावली का उपयोग करते हुए जिन भाषावैज्ञानिकों ने हिन्दी में पुस्तक लिखने का प्रयास किया उनके सामने इनके मानक हिंदी पर्यायों की समस्या सबसे जटिल थी । कुछ भाषावैज्ञानिकों ने जिन्होंने हिंदी में पुस्तकें लिखीं नए पारिभाषिक शब्दों के लिए अपने पर्याय अपने-आप गढ़ लिए । इससे तात्कालिक काम तो चल गया लेकिन एक ही अंग्रेजी शब्द के लिए अलग-अलग लेखकों द्वारा अलग-अलग पर्यायों का प्रयोग होने के कारण शब्दावली के क्षेत्र में अराजकता की स्थिति दिखाई देने लगी । अत: वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग ने, जिसे सभी विषयों की पारिभाषिक शब्दावली के मानकीकरण का दायित्व सरकार ने सौंपा है, 1989 में अन्य विषयों के साथ-साथ भाषाविज्ञान की शब्दावली को भी अद्यतन करने का विशाल कार्यक्रम हाथ में लिया । इस प्रक्रिया में आयोग ने भाषाविज्ञान के विशिष्ट क्षेत्रों में अध्यापन या अनुसंधान कर रहे लब्धप्रतिष्ठ भाषाविदों के सहयोग से तथा अद्यतन पुस्तकों, कोशों और विश्वकोशों की सहायता से 3,000 अतिरिक्त शब्दों का संकलन किया और उनके मानक पर्याय निर्धारित किए ।

प्रस्तुत शब्द-संग्रह में अंग्रेजी-हिंदी तथा हिंदी-अंग्रेजी दोनों खंड समाहित हैं । दोनों में कुल मिलाकर लगभग 17,000 प्रविष्टियाँ हैं जिनमें से लगभग 8,000 अंग्रेजी-हिंदी खंड में हैं और लगभग 9,000 हिंदी-अंग्रेजी खंड में हैं । भाषाविज्ञान के जिन विषयों की शब्दावली इसमे शामिल की गई उनमें प्रमुख हैं--सामान्य भाषाविज्ञान, रूपविज्ञान, वाक्यविज्ञान, स्वनविज्ञान, स्वनिमविज्ञान, लेखिमविज्ञान, प्रजनक भाषाविज्ञान,कोशविज्ञान, संकेतविज्ञान (सिमियोटिक्स), अर्थविज्ञान, ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक भाषाविज्ञान, समाजभाषाविज्ञान, पराभाषाविज्ञान, नृजातिभाषाविज्ञान, नृवैज्ञानिक भाषाविज्ञान, अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान, शैलीविज्ञान , बंधिमविज्ञान (टेग्मेमिक्स), अभिकलन-भाषाविज्ञान (कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान), गणितीय भाषाविज्ञान, मनोभाषाविज्ञान, तंत्रिका-भाषाविज्ञान (न्यूरोभाषाविज्ञान),भाषा-अर्जन, वाक्-चिकित्सा, भाषा-शिक्षण, भाषा-भूगोल, अनुवाद, व्यतिरेकी भाषाविज्ञान, प्रजनक स्वनिमविज्ञान, संरचनात्मक व्याकरण, स्तरपरक व्याकरण, व्यवस्थापरक व्याकरण (सिस्टेमिक व्याकरण), कारक व्याकरण, प्रजनक व्याकरण, रूपांतरण व्याकरण आदि ।

भाषाविज्ञान उन 67 ज्ञानशाखाओं में से एक है जिनकी मानक शब्दावली आयोग तैयार कर चुका है । अभी तक विकसित मानक पारिभाषिक शब्दों की कुल संख्या 5 लाख है । शब्दावली का निर्माण एक अनवरत प्रक्रिया है क्योंकि ज्ञान और शब्द साथ-साथ विकसित होते जाते हैं। इसलिए समय-समय पर शब्दावली को अद्यतन करते रहने की आवश्यकता पड़ती है । अतः आयोग ने चरणबद्ध पद्धति से विभिन्न विषयों के शब्दों को अद्यतन करने का कार्य शुरू कर दिया है । इस विशाल कार्य को शीघ्रता से संपन्न करने के लिए कोश-निर्माण कला की कार्यविधि का आधुनिकीकरण करना भी आवश्यक था । फलस्वरूप आयोग ने 1990 में पांच लाख तकनीकी शब्दों का एक विशाल कंप्यूटर डाटाबेस तैयार कर राष्ट्रीय शब्दावली बैंक की स्थापना की । इस डाटाबेस में शब्दों को तुरत जोड़ने, हटाने, अद्यतन करने, संशोधित करने, अकारादिक्रम में व्यवस्थित करने की असाधारण सुविधा उपलब्ध है । इनके अलावा पारिभाषिक शब्दों की सूची इच्छानुसार विषयवार या समेकित रूप में तथा अंग्रेजी-हिन्दी या हिन्दी-अंग्रेजी क्रम में प्राप्त करने और पृष्ठबद्ध रूप में उनके स्वच्छ प्रिंट-आउट निकालने की सुविधा भी उपलब्ध है । इसके सॉफ्टवेयर में हिंदी के साथ-साथ सभी भारतीय भाषाओं के तकनीकी पर्यायों को उनकी अपनी लिपि तथा देवनागरी में प्राप्त करने की भी व्यवस्था है। इस डाटाबेस को अंततः राष्ट्रीय सूचनाविज्ञान केन्द्र की राष्ट्रीय निकनेट उपग्रह सेवा से जोड़ा जाएगा जिससे भारत के सभी संबद्ध सूचना केन्द्रों के माध्यम से पारिभाषिक शब्दों के भारतीय पर्यायों की अद्यतन जानकारी सुलभ हो सके ।

प्रस्तुत शब्द-संग्रह इसी कंप्यूटर डाटाबेस से सीधे प्राप्त किया गया है जो फ्लॉपी के रूप में भी उपलब्ध है । इसी कड़ी में इसी वर्ष 31 सामाजिक विज्ञान विषयों के 1.25 लाख शब्दों का एक **बृहत् पारिभाषिक शब्द-संग्रह** (1992) भी प्रकाशित हुआ है । प्रस्तुत भाषाविज्ञान शब्दावली इस बृहत् शब्द-संग्रह में भी समाहित है।

भारत में भाषाविज्ञान की अपनी एक समृद्ध परंपरा रही है जिसकी पराकाष्ठा हमें पाणिनि में देखने को मिलती है । कहना न होगा आधुनिक भाषाविज्ञान और भाषा-विश्लेषण पद्धति के विकास का मुख्य केन्द्र पाश्चात्य जगत रहा है । अतः आज भारत में भाषाविज्ञान की दो तरह की धाराएं और दो तरह की शब्दावली देखने को मिलती है --एक संस्कृत-केंद्रित और दूसरी अंग्रेजी-केंद्रित । मौलिक ज्ञान से सीधे जुड़ी शब्दावली ही अपने अर्थ और परिभाषा को मूलतः उद्भासित करती है । भारतीय भाषावैज्ञानिक परंपरा से विकसित पारिभाषिक

शब्द संस्कृत या हिंदी के माध्यम से विकसित हो कर अर्थवान और प्रयोगसिद्ध हुए हैं । इसी प्रकार पाश्चात्य परंपरा से विकसित शब्दावली अंग्रेजी (या अन्य यूरोपीय भाषाओं) के माध्यम से विकसित हो कर अर्थवान और प्रयोगसिद्ध हुई है । इसीलिए जिस प्रकार भारतीय परंपरा से प्राप्त भाषाविज्ञान की पारिभाषिक शब्दावली के लिए हमें अंग्रेजी में अलग से पर्याय बनाने पड़ते हैं उसी प्रकार पाश्चात्य परंपरा से प्राप्त पारिभाषिक शब्दावली के लिए हमें हिंदी में अलग से पर्याय बनाने पड़ते हैं ।

जिस भाषा-समाज में पारिभाषिक शब्दावली का विकास स्वाभाविक प्रयोग की प्रक्रिया से शुरू न होकर पर्याय-निर्माण की प्रक्रिया से शुरू होता है वहाँ शब्दावली की शुद्धता और शैली को लेकर अनेक विवाद उठ खड़े होते हैं । फलस्वरूप शब्दावली की समरूपता और मानकता की चिंता किए बिना अनेक विद्वान शब्द-निर्माण की अपनी-अपनी टकसाल खोल लेते हैं । उदाहरण के लिए, भारत में भी भाषाविज्ञान के क्षेत्र में एक पारिभाषिक शब्द के लिए एकाधिक पर्याय सामने आए, जैसे :

morpheme	रूपग्राम, रूपिम
allophone	उपस्वन, संस्वन
transformation	रूपांतरण, रचनांतरण
deep structure	गहन संरचना, आंतरिक संरचना, आभ्यंतर संरचना

शब्दावली की इस प्रकार की अराजकता को दूर करने के लिए भारत सरकार ने 1961 में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना की । आयोग ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए न केवल हिंदी बल्कि सभी भारतीय भाषाओं में पारिभाषिक शब्दावली के विकास के लिए देश भर के विशेषज्ञों और भाषाविदों के परामर्श से कुछ मार्गदर्शक सिद्धांत निर्धारित किए । इनमें से चार मूलभूत सिद्धांत विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं:

क) अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को यथासम्भव उनके प्रचलित अंग्रेजी रूपों में ही अपनाया जाए और हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं की प्रकृति के अनुसार उनका लिप्यंतरण किया जाए ।

ख) अपनी भाषा के शब्द-भंडार में उपलब्ध ऐसे शब्दों को, जो अंग्रेजी के तकनीकी शब्दों के लिए पहले से प्रचलित हों, पर्याय के रूप में स्वीकार कर लिया जाए ।

ग) आवश्यकतानुसार प्रादेशिक भाषाओं से तकनीकी शब्द ग्रहण किए जाएं ।

घ) नए शब्द संस्कृत धातुओं के आधार पर निर्मित किए जाएं ।

भाषाविज्ञान शब्दावली संबंधी कुछ विशिष्ट समस्याओं का निराकरण भी इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर करने का प्रयास किया गया । अंग्रेजी के अनेक ऐसे पारिभाषिक शब्दों को, जिनके विशिष्ट अर्थों को हिंदी पर्यायों के माध्यम से व्यक्त करना कठिन था, यथावत देवनागरी में ग्रहण कर लिया गया --कहीं शुद्ध रूप में और कहीं संकर रूप में, जैसे कॉप्यूला, टॉपिक, थीम, रीम, पार्सर, कोड, आर्कीस्वनिम, ब्लैक अंग्रेजी ।

कई बार संस्कृत या हिंदी में प्रचलित पारिभाषिक शब्द अंग्रेजी शब्दों के आंशिक अर्थ को ही व्यक्त कर पाते हैं संपूर्ण अर्थ को नहीं । ऐसी स्थिति में एक अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द के लिए एक से अधिक हिंदी पर्यायों की व्यवस्था करने की आवश्यकता पड़ी, जैसे :

agent	कर्त्ता, कर्तृ-, साधक, अभिकर्त्ता	code	कूट, कोड
parsing	पद-व्याख्या, पद-निरूपण, पार्सिंग	noun	संज्ञा, नाम

यद्यपि कभी-कभी पर्याय निर्धारण में शाब्दिक अनुवाद करने की बाध्यता हो जाती है, लेकिन सामान्यतया भावार्थ का ही अनुवाद किया गया है जिससे हिंदी पर्याय स्वतः अपने अर्थ को प्रकट कर सके, जैसे :

bleeding order	बाधक क्रम	blocked syllable	व्यंजनांत अक्षर

भाषाविज्ञान की शब्दावली में कभी-कभी अंग्रेजी के बड़े (कैपिटल) अक्षरों और छोटे अक्षरों में अर्थ का भेद बरता जाता है । इस प्रकार की समस्या से निपटने के लिए कोई सर्वमान्य सिद्धांत बनाना कठिन था । अतः हर पारिभाषिक शब्द के संदर्भ में गुणदोष के आधार पर ही निर्णय किए गए, जैसे :

pro	अनुसर्व	T. rule	रूपांतरण नियम
PRO	सर्व	S-bar	वाक्य रेखिका, रैखिक वाक्य

भाषाविज्ञान के सजातीय लेकिन किंचित भिन्नार्थी शब्दों के बीच अर्थभेद सुरक्षित रखने के लिए उपसर्ग और प्रत्ययों के मूल्यों का पुनर्निर्धारण करने की भी आवश्यकता पड़ी, जैसे :

extralinguistic	भाषाविज्ञान-बाह्य	non-linguistic	भाषेतर
macrolinguistics	बृहत् भाषाविज्ञान	metalinguistics	इतरविषयी भाषाविज्ञान
paralinguistics	पराभाषाविज्ञान		

-eme, phoneme, morpheme, grapheme -इम, स्वनिम, रूपिम, लेखिम

आयोग इस बात से भलीभांति परिचित है कि कोई भी शब्दावली मात्र पर्याय-निर्धारण या कोडीकरण के बल पर मानक नहीं बन जाती । इसे एक बार प्रयोग या व्यवहार के दौर से गुज़रना पड़ता है। कोडीकरण तो मानकीकरण प्रक्रिया का पहला चरण है जिसका उद्देश्य रूपों या पर्यायों की विभिन्नता को कम से कम करना और एक अर्थ या संकल्पना के लिए एक रूप या पर्याय निर्धारित करना है । यह अनेकरूपता में समरूपता लाने का प्रयास है । जैसे-जैसे शब्दों का प्रयोग-विस्तार बढ़ता जाता है वैसे-वैसे शब्द प्रयोगसिद्ध होते जाते हैं और तभी इन्हें सामाजिक स्वीकृति मिलती है ।

आयोग ने पाँच लाख पारिभाषिक शब्दों का निर्माण कर कोडीकरण के चरण का एक बहुत बड़ा भाग पूरा कर लिया है हालांकि नवविकसित ज्ञान शाखाओं और विशेषीकृत विज्ञानों के शब्दावली-निर्माण का कार्य आज भी समानांतर चल रहा है । फलतः आयोग के प्रयास अब विशेष रूप से प्रयोग-विस्तार के चरण पर केंद्रित हैं, जैसे मानक शब्दावली के प्रयोग को बढ़ावा देना, प्रयोक्ताओं से संपर्क स्थापित करना और उनमें शब्दावली संबंधी जागरूकता पैदा करना, उनसे फीडबैक प्राप्त करना, शब्दावली का अद्यतनीकरण और संशोधन करना तथा वैज्ञानिक और तकनीकी साहित्य का निर्माण करना और लेखन के माध्यम से तकनीकी शब्दावली तथा तकनीकी शैली का विकास करना । आज आयोग द्वारा संचालित अनेक परियोजनाओं में ये उद्देश्य प्रतिबिंबित होते हैं, जैसे (1) विश्वविद्यालयों और कालेजों के विषय अध्यापकों के लिए संचालित शब्दावली प्रशिक्षण कार्यशाला, (2) अखिल भारतीय तकनीकी शब्दावली की पहचान, (3) विभिन्न विषयों के परिभाषा-कोशों का निर्माण, (4) विश्वविद्यालय स्तरीय ग्रंथनिर्माण योजना (5) विज्ञान पत्रिकाओं का प्रकाशन (6) हिंदी अधिकारियों के लिए विशिष्ट शब्दावली प्रशिक्षण तथा (7) कंप्यूटर-आधारित राष्ट्रीय शब्दावली बैंक की स्थापना, आदि ।

भाषाविज्ञान के ही क्षेत्र में आयोग पिछले तीन वर्षों में दो अन्य ग्रंथ प्रकाशित कर चुका है - 'भाषाविज्ञान परिभाषाकोश --स्वनविज्ञान, स्वनिमविज्ञान तथा लेखन व्यवस्था' (1991) और 'अखिल भारतीय शब्दावली (भाषाविज्ञान)' (1992) ।

प्रस्तुत ग्रंथ को पूरा करने के लिए हमें ऐसे भाषाविदों तथा विशेषज्ञों की आवश्यकता पड़ी जो भाषाविज्ञान की विभिन्न ज्ञानशाखाओं के विशेषज्ञ हों और विश्वविद्यालयों में उन विषयों को पढ़ा रहे हों ताकि वे अपने विशिष्ट क्षेत्र की अद्यतन तकनीकी शब्दावली उपलब्ध करा सकें व उसकी आवश्यक व्याख्या प्रस्तुत कर सकें । इसके लिए हमें बहुत बड़ी संख्या में भाषाविदों तथा अन्य विद्वानों की सहायता लेनी पड़ी जो भाषाविज्ञान शब्दावली की अद्यतनीकरण प्रक्रिया से किसी न किसी रूप में जुड़े रहे । इनकी सूची आगे के पृष्ठों में दी जा रही है । आयोग इन सभी विद्वानों के प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट करता है। इनमें से दो विद्वान प्रो. रवीन्द्र श्रीवास्तव तथा प्रो. रमानाथ सहाय, जिनका मार्गदर्शन हमें कार्य के प्रारंभ से लेकर अंत तक प्राप्त होता रहा और जिन्होंने समस्त कार्य को समेकित तथा संयोजित करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया, हमारे विशेष आभार के पात्र हैं।

प्रस्तुत शब्दावली पाठकों के समक्ष रखते हुए हम यह आशा करते हैं कि वे अपनी प्रतिक्रिया तथा सुझाव हमें भेजेंगे जिन्हें हम यथासंभव अगले संस्करण में शामिल करने का प्रयास करेंगे ।

प्रो. सूरजभान सिंह
अध्यक्ष

भाषाविज्ञान शब्दावली की प्रथम विशेषज्ञ समिति (1965-1970)

1. डॉ. बाबूराम सक्सेना
   पूर्व अध्यक्ष, वै.त.श. आयोग
2. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद
   पूर्व अध्यक्ष, वै.त.श.आयोग
3. डॉ. सुकुमार सेन
   कलकत्ता वि.वि, कलकत्ता
4. डॉ. वी. आई. सुब्रह्मण्यम्
   केरल वि.वि., त्रिवेंद्रम
5. डॉ. बी. एच. कृष्णमूर्ति
   उस्मानिया वि.वि., हैदराबाद
6. डॉ. ए. आर. केलकर
   डेक्कन कॉलिज, पूना
7. डॉ. उदयनारायण तिवारी
   जबलपुर वि.वि, जबलपुर
8. डॉ एस.एम. कत्रे
   डेक्कन कॉलिज, पूना
9. डॉ. पी. बी. पंडित
   दिल्ली वि.वि., दिल्ली
10. डॉ. डी.पी. पट्टनायक
    डेक्कन कॉलिज, पूना
11. डॉ. ए. एम. घाटगे
    डेक्कन कॉलिज, पूना
12. डॉ. एम. ए. मेहेंडले
    डेक्कन कॉलिज, पूना
13. डॉ. एल.एम. खूबचंदानी
    डेक्कन कॉलिज, पूना
14. डॉ. एम. एल आप्टे
    पूना
15. डॉ. एस. एस. बिलिगिरि
    डेक्कन कॉलिज, पूना
16. डॉ. जगदेव सिंह
    कुरुक्षेत्र वि.वि.कुरुक्षेत्र
17. डॉ. रमानाथ सहाय
    क.मु.भा.विद्यापीठ,आगरा
18. डॉ. भोलानाथ तिवारी
    किरोड़ीमल कॉलिज, दिल्ली
19. डॉ. एन.जी. कालेलकर,
    डेक्कन कॉलिज, पूना
20. डॉ. ए. चंद्रशेखर,
    दिल्ली वि.वि., दिल्ली
21. आचार्य टी.पी. मीनाक्षिसुंदरन,
    मदुरै वि.वि, मदुरै
22. आचार्य टी. एन.श्रीकंठय्या,
    मैसूर वि.वि., मैसूर
23. डॉ. डी.एन. शंकरभट्ट,
    डेक्कन कॉलिज, पूना
24. प्रो. मरियप्पा भट्ट,
    मद्रास वि.वि, मद्रास
25. डॉ. षण्मुखम् पिल्लै,
    अण्णामलै वि.वि., अण्णामलै
26. डॉ. सरयूप्रसाद अग्रवाल,
    लखनऊ वि.वि., लखनऊ
27. आचार्य सी. आर. शंकरन्,
    डेक्कन कॉलिज ,पूना
28. डॉ. आर.एन. दान्डेकर,
    पूना वि.वि., पूना
29. डॉ. आर. सी. हिरमेठ,
    कर्नाटक वि.वि., धारवाड़

परिवर्धित भाषाविज्ञान शब्दावली विशेषज्ञ समिति (1989-92)

1. प्रो. सूरजभान सिंह
अध्यक्ष, वै.त.श.आयोग, नई दिल्ली

2. प्रो. रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव
दिल्ली वि.वि., दिल्ली

3. प्रो. रमानाथ सहाय,
केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

4. प्रो. कैलाश चंद्र भाटिया,
पूर्व निदेशक, वृं.शो.सं.,मथुरा

5. प्रो. के. बी. सुब्बाराव
दिल्ली वि.वि., दिल्ली

6. प्रो. बाल गोविन्द मिश्र,
पूर्व निदेशक, कें.हि.सं., आगरा

7. प्रो. अमर बहादुर सिंह,
कार्य.निदेशक, कें.हि.सं.,आगरा

8. प्रो. वी. रा. जगन्नाथन,
इं.गां.मुक्त वि.वि., नई दिल्ली

9. प्रो. सुरेश कुमार,
केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

10. प्रो. जी. बी. सिंह,
ज.नेहरू वि.वि., नई दिल्ली

11. प्रो. अंजनि कुमार सिन्हा,
दिल्ली वि.वि., दिल्ली

12. प्रो. चतुर्भुज सहाय,
कें.हि.संस्थान, नई दिल्ली

13. डॉ. नरेंद्र व्यास,
पूर्व प्र.सं.,कें.हि.निदेशालय,नई दिल्ली

14. प्रो. कृष्ण कुमार गोस्वामी
द.भा.हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद

15. डॉ. कपिल कपूर,
ज.नेहरू वि.वि., नई दिल्ली

16. डॉ. रवीन्द्र गर्गेश,
दिल्ली वि. वि., दिल्ली

17 डॉ. राम आधार सिंह,
भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर

18. डॉ. ओम विकास,
इलेक्ट्रोनिकी विभाग,नई दिल्ली

19. डॉ. रमाकांत अग्निहोत्री,
दिल्ली वि.वि., दिल्ली

20. डॉ. आर. सी. शर्मा,
दिल्ली वि.वि., दिल्ली

21. डॉ. भारत भूषण,
कें.हि.संस्थान,नई दिल्ली

22. डॉ. महेन्द्र,
पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज, नई दिल्ली

23. डॉ. राम बख्श मिश्र,
क.मु.भाषा विद्यापीठ, आगरा

24. डॉ. ललित मोहन बहुगुणा,
कें. हि. सं., नई दिल्ली

25. डॉ. ठाकुर दास,
केंद्रीय हिंदी संस्थान, नई दिल्ली

26. डॉ. धर्मपाल गाँधी,
केंद्रीय हिंदी संस्थान, नई दिल्ली

27. डॉ शारदा भसीन,
केंद्रीय हिंदी संस्थान, नई दिल्ली

28. डॉ. मंजु गुप्ता,
इ.गां.मुक्त वि.वि., नई दिल्ली

29. डॉ. श्याम प्रकाश,
क.मु.भाषा विद्यापीठ, आगरा

30. प्रो. आर. पी. अग्रवाल,
क.मु.भाषा विद्यापीठ, आगरा

31. डॉ. त्रिलोकी नाथ सिंह,
लखनऊ वि.वि., लखनऊ

32. डॉ. इला पंडित,
दौलतराम कॉलेज, दिल्ली

2—98 M. of H.R.D./ND/92

33. डॉ. के.वी.वी.एल.नरसिंह राव,
भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर

34. डॉ. हंसराज दुआ,
भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर

35. डॉ. रवि नेहरू,
जी.बी.पंत अस्पताल, नई दिल्ली

36. डॉ. वैश्ना नारंग,
ज. नेहरू वि.वि., नई दिल्ली

37. श्रीमती निवेदिता कर,
दिल्ली वि.वि., दिल्ली

38. श्री अजित लाल गुलाटी,
आकाशवाणी, नई दिल्ली

विभागीय सहयोग

भाषाविज्ञान शब्दावली एकक

1. श्री देवेन्द्र दत्त नौटियाल, सचिव,
2. श्री प्रेमानन्द चन्दोला, स. शि. अ.
3. डॉ. (श्रीमती) डेज़ी लहरी, अ.स.
4. डॉ. प्रेमनारायण शुक्ल, अ.स.

प्रकाशन

1. श्री धीरेन्द्र राय, वै.अ.
2. डॉ. प्रेमनारायण शुक्ल,अ.स.
3. श्री त्रिलोक सिंह, प्र.श्रे.लि.

कंप्यूटर कक्ष

1. श्री वीरसिंह आर्य
2. श्री अरविन्द आशधीर
3. श्रीमती पंकज राणा

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के स्थायी आयोग द्वारा स्वीकृत शब्दावली-निर्माण के सिद्धांत

1. अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को यथासंभव उनके प्रचलित अंग्रेजी रूपों में ही अपनाना चाहिए और हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं की प्रकृति के अनुसार ही उनका लिप्यंतरण करना चाहिए । अंतर्राष्ट्रीय शब्दावली के अंतर्गत निम्नलिखित उदाहरण दिए जा सकते हैं :-

- क) तत्वों और यौगिकों के नाम जैसे हाइड्रोजन, कार्बन डाइआक्साइड आदि ;
- ख) तौल और माप की इकाइयाँ और भौतिक परिमाण की इकाइयाँ जैसे डाइन, कैलॉरी, ऐम्पियर आदि;
- ग) ऐसे शब्द जो व्यक्तियों के नाम पर बनाए गए हैं जैसे, मार्क्सवाद (कार्ल मार्क्स), ब्रेल (ब्रेल), बॉयकाट (कैप्टेन बॉयकाट), गिलोटिन (डॉ. गिलोटिन), गेरीमैंडर (मि. गेरी), एम्पियर (मि. एम्पियर), फ़ारेनहाइट तापक्रम (मि. फ़ारेनहाइट) आदि ;
- घ) वनस्पतिविज्ञान, प्राणिविज्ञान, भूविज्ञान, आदि की द्विपदी नामावली;
- ङ) स्थिरांक जैसे π, g, आदि;
- च) ऐसे अन्य शब्द जिनका आमतौर पर सारे संसार में व्यवहार हो रहा है जैसे रेडियो, पेट्रोल, रेडार, इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन आदि;
- छ) गणित और विज्ञान की अन्य शाखाओं के संख्यांक, प्रतीक, चिह्न और सूत्र, जैसे साइन, कोसाइन, टेन्जेन्ट, लॉग आदि (गणितीय संक्रियाओं में प्रयुक्त अक्षर रोमन या ग्रीक वर्णमाला के होने चाहिए)।

2. प्रतीक, रोमन लिपि में अन्तर्राष्ट्रीय रूप में ही रखे जाएँगे परन्तु संक्षिप्त रूप नागरी और मानक रूपों में भी, विशेषत: साधारण तौल और माप में लिखे जा सकते हैं, सेन्टीमीटर का प्रतीक जैसे cm. हिंदी में भी ऐसे ही प्रयुक्त होगा परन्तु नागरी संक्षिप्त रूप से.मी. हो सकता है । यह सिद्धांत बाल-साहित्य और लोकप्रिय पुस्तकों में अपनाया जाएगा, परन्तु विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मानक पुस्तकों में केवल अन्तर्राष्ट्रीय प्रतीक, जैसे cm. ही प्रयुक्त करना चाहिए।

3. ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय लिपियों के अक्षर प्रयुक्त किए जा सकते हैं जैसे : क, ख, ग या अ, ब, स परन्तु त्रिकोणमितीय संबंधों में केवल रोमन अथवा ग्रीक अक्षर ही प्रयुक्त करने चाहिए, जैसे साइन A, कॉस B आदि।

4. संकल्पनाओं को व्यक्त करने वाले शब्दों का सामान्यत: अनुवाद किया जाना चाहिए ।

5. हिंदी पर्यायों का चुनाव करते समय सरलता, अर्थ की परिशुद्धता और सुबोधता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सुधार-विरोधी प्रवृत्तियों से बचना चाहिए ।

6. सभी भारतीय भाषाओं के शब्दों में यथासंभव अधिकाधिक एकरूपता लाना ही इसका उद्देश्य होना चाहिए और इसके लिए ऐसे शब्द अपनाने चाहिए जो :-

- क) अधिक से अधिक प्रादेशिक भाषाओं में प्रयुक्त होते हों, और
- ख) संस्कृत धातुओं पर आधारित हों ।

7. ऐसे देशी शब्द जो सामान्य प्रयोग के पारिभाषिक शब्दों के स्थान पर हमारी भाषाओं में प्रचलित हो गए हैं जैसे, telegraph/telegram के लिए तार, continent के लिए महाद्वीप, post के लिए डाक आदि, इसी रूप में व्यवहार में लाए जाने चाहिए ।

8. अंग्रेजी, पुर्तगाली, फ्रांसीसी आदि भाषाओं के ऐसे विदेशी शब्द जो भारतीय भाषाओं में प्रचलित हो गए हैं, जैसे टिकट, सिगनल, पेंशन, पुलिस, ब्यूरो, रेस्तरां, डीलक्स आदि, इसी रूप में अपनाए जाने चाहिए ।

9. **अंतर्राष्ट्रीय शब्दों का देवनागरी लिपि में लिप्यंतरण**--अंग्रेजी शब्दों का लिप्यंतरण इतना जटिल नहीं होना चाहिए कि उसके कारण वर्तमान देवनागरी वर्णों में नए चिह्न व प्रतीक शामिल करने की आवश्यकता पड़े । शब्दों का देवनागरी लिपि में लिप्यंतरण अंग्रेजी उच्चारण के अधिकाधिक अनुरूप होना चाहिए और उनमें ऐसे परिवर्तन किए जाएं जो भारत के शिक्षित वर्ग में प्रचलित हों ।

10. लिंग -- हिंदी में अपनाए गए अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को,अन्यथा कारण न होने पर, पुल्लिंग रूप में ही प्रयुक्त करना चाहिए ।

11. संकर शब्द -- पारिभाषिक शब्दावली में संकर शब्द, जैसे guaranteed के लिए 'गारंटित', classical के लिए 'क्लासिकी', codifier के लिए 'कोडकार' आदि, के रूप सामान्य और प्राकृतिक भाषाशास्त्रीय प्रक्रिया के अनुसार बनाए गए हैं और ऐसे शब्दरूपों को पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकताओं यथा सुबोधता, उपयोगिता और संक्षिप्तता का ध्यान रखते हुए व्यवहार में लाना चाहिए ।

12. पारिभाषिक शब्दों में संधि और समास-- कठिन संधियों का यथासंभव कम से कम प्रयोग करना चाहिए और संयुक्त शब्दों के लिए दो शब्दों के बीच हाइफन लगा देना चाहिए । इससे नई शब्द-रचनाओं को सरलता और शीघ्रता से समझने में सहायता मिलेगी । जहां तक संस्कृत पर आधारित 'आदिवृद्धि' का संबंध है, 'व्यावहारिक','लाक्षणिक' आदि प्रचलित संस्कृत तत्सम शब्दों में आदिवृद्धि का प्रयोग ही अपेक्षित है परंतु नवनिर्मित शब्दों में इससे बचा जा सकता है ।

13. हलंत-- नए अपनाए हुए शब्दों में आवश्यकतानुसार हलंत का प्रयोग करके उन्हें सही रूप में लिखना चाहिए।

14. पंचम वर्ण का प्रयोग-- पचंम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करना चाहिए परंतु lens, patent आदि शब्दों का लिप्यंतरण लेंस, पेटेंट या पेटेण्ट न करके लेन्स, पेटेन्ट ही करना चाहिए ।

PRINCIPLES FOR EVOLUTION OF TERMINOLOGY APPROVED BY THE STANDING COMMISSION FOR SCIENTIFIC AND TECHNICAL TERMINOLOGY

1. 'International terms' should be adopted in their current English forms, as far as possible, and transliterated in Hindi and other Indian languages according to their genius. The following should be taken as examples of international terms :-

a) Names of elements and compounds, e.g. Hydrogen, Carbon dioxide, etc.;
b) Units of weights, measures and physical quantities, e.g. dyne, calorie, ampere, etc.,
c) Terms based on proper names e.g. marxism (Karl Marx), Braille (Braille), boycott (Capt. Boycott), guillotine (Dr. Guillotin), gerrymander (Mr.Gerry), ampere (Mr.Ampere), fahrenheit scale (Mr. Fahrenheit), etc.;
d) Binomial nomenclature in such sciences as Botany, Zoology, Geology, etc.;
e) Constants, e. g., π , g, etc.;
f) Words like Radio, Petrol, Radar, Electron, Proton, Neutron, etc., which have gained practically world-wide usage;
g) Numerals, symbols, signs and formulae used in mathematics and other sciences e.g., sin, cos, tan, log etc. (Letters used in mathematical operation should be in Roman or Greek alphabets).

2. The symbols will remain in international form written in Roman script, but abbreviations may be written in Nagari and standardised form, specially for common weights and measures, e.g. the symbol 'cm' for centimetre will be used as such in Hindi, but the abbreviation in Nagari may be से. मी. This will apply to books for children and other popular works only, but in standard works of science and technology, the international symbols only, like cm., should be used.

3. Letters of Indian scripts may be used in geometrical figures e.g., क,ख,ग or अ, ब, स, but only letters of Roman and Greek alphabets should be used in trigonometrical relations e.g., sin A, cos B etc.

4. Conceptual terms should generally be translated.

5. In the selection of Hindi equivalents simplicity, precision of meaning and easy intelligibility should be borne in mind. Obscurantism and purism may be avoided.

6. The aim should be to achieve maximum possible identity in all Indian languages by selecting terms :-

a) common to as many of the regional languages as possible, and

b) based on Sanskrit roots.

7. Indigenous terms, which have come into vogue in our languages for certain technical words of common use, as तार for telegraph/telegram, महाद्वीप for continent, डाक for post etc., should be retained.

8. Such loan words from English, Portuguese, French, etc., as have gained wide currency in Indian languages should be retained e.g., ticket, signal, pension, police, bureau, restaurant, deluxe etc.

9. **Transliteration of International terms into Devanagari Script** --The transliteration of English terms should not be made so complex as to necessitate the introduction of new signs and symbols in the present Devanagari characters. The Devanagari rendering of English terms should aim at maximum approximation to the standard English pronunciation with such modifications as prevalent amongst the educated circle in India

10. **Gender** -- The International terms adopted in Hindi should be used in the masculine gender, unless there are compelling reasons to the contrary.

11. **Hybrid formation**--- Hybrid forms in technical terminologies e.g., गारंटित for 'guaranteed', क्लासिकी for 'classical', कोडकार for 'codifier' etc., are normal and natural linguistic phenomena and such forms may be adopted in practice keeping in view the requirements for technical terminology, viz., simplicity, utility and precision.

12. **Sandhi and Samasa in technical terms**-- Complex forms of Sandhi may be avoided and in cases of compound words, hyphen may be placed in between the two terms, because this would enable the users to have an easier and quicker grasp of the word structure of the new terms. As regards आदिवृद्धि in Sanskrit-based words, it would be desirable to use आदिवृद्धि in prevalent Sanskrit tatsama words e.g., व्यावहारिक, लाक्षणिक etc. but may be avoided in newly coined words.

13. **Halanta** -- Newly adopted terms should be correctly rendered with the use of 'hal' wherever necessary.

14. **Use of Pancham Varna** --- The use of अनुस्वार may be preferred in place of पंचम वर्ण, but in words like 'lens', 'patent' etc., the transliteration should be लेन्स, पेटेन्ट and not लेंस, पेटेंट or पेटेण्ट.

संपादकीय

आयोग द्वारा 1969 में प्रकाशित भाषाविज्ञान शब्दावली का यह पुनरीक्षित, परिवर्धित और अद्यतन संस्करण है। इस संस्करण में अंग्रेजी-हिंदी तथा हिंदी-अंग्रेजी दोनों खंड एक ही जिल्द में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। अंग्रेजी-हिंदी खंड में लगभग 8,000 और हिंदी-अंग्रेजी खंड में लगभग 9,000 प्रविष्टियाँ हैं। इसी के साथ आयोग इसी वर्ष 31 सामाजिक विषयों का अंग्रेजी-हिंदी बृहत् पारिभाषिक शब्द-संग्रह (1992) प्रकाशित कर चुका है । दो जिल्दों में प्रकाशित इस शब्द-संग्रह में लगभग 1.25 लाख प्रविष्टियाँ हैं। भाषाविज्ञान की प्रस्तुत शब्दावली भी इस बृहत् शब्द-संग्रह में समाहित है ।

इस बीच भाषाविज्ञान के क्षेत्र में नई संकल्पनाएं आईं और परिणामस्वरूप नए-नए शब्द विकसित होकर अस्तित्व में आए । भाषाविज्ञान की अद्यतन प्रामाणिक पुस्तकों, कोशों तथा विश्वकोशों से इन नए अंग्रेजी शब्दों को चुनकर उनके सटीक पर्याय निर्धारित किए गए और एकरूपता तथा मानकीकरण की दृष्टि से पहले संस्करण के शब्दों का यथास्थान पुनरीक्षण, संशोधन तथा समन्वय किया गया ।

भाषाविज्ञान में विकसित नई शब्दावली की एक विशेषता द्रष्टव्य है । गत एक-दो दशकों में भाषाविज्ञान के साहित्य में अन्य ज्ञान शाखाओं की शब्दावली ने बहुत बड़ी मात्रा में और बड़ी तेजी से प्रवेश किया, जैसे चिकित्सा, तर्कशास्त्र, भौतिकी, कंप्यूटरविज्ञान, गणित, सांख्यिकी, मनोविज्ञान, नृविज्ञान, समाजविज्ञान, आदि । इनमें से कुछ को ज्यों का त्यों मूल विज्ञान से स्वीकार कर लिया गया तो कुछ को भाषाविज्ञान वाली विशिष्ट अर्थच्छटा दी गई है, यथा environment के लिए, अन्य विषयों के रूढ़ पर्याय 'पर्यावरण' न अपनाकर 'परिसर', 'परिवेश' तथा 'संदर्भ' पर्याय रखे गए हैं ।

कुछ अंग्रेजी शब्दों के दो या तीन पर्याय भी मिलेंगे । उन्हें यही विचार कर दिया गया है कि सुधी प्रयोक्ता अपने विवेक से संदर्भानुसार उनमें से उपयुक्त पर्याय चुन सकें । अंग्रेजी की निम्नलिखित प्रविष्टियों और उनके पर्यायों तथा भिन्न-भिन्न अर्थच्छवियों का अवलोकन करने पर आपको हमारा यह प्रयोजन स्पष्ट हो जाएगा :

ambiguous	अनेकार्थक, संदिग्धार्थक, अस्पष्ट
base	1. प्रकृति 2. प्रातिपदिक 3. आधाररूप
declension	नामरूप, संज्ञारूप, विभक्ति रूप, शब्दरूप
key	1. मूल शब्द, धात्वंश 2. सूचक 3. धरातल

शब्दावली के अद्यतनीकरण की प्रक्रिया में एक विशेष समस्या सामने आती है । कुछ नए तकनीकी शब्दों के अर्थ स्थिर हो चुके हैं और अनेक पुस्तकों तथा प्रसंगों में उनका प्रयोग मिलता है । इन्हें शब्द-संग्रह में संकलित कर उनके पर्यायों का निर्धारण करने में कठिनाई नहीं होती । लेकिन कुछ नए तकनीकी शब्द अनुसंधान पत्रिकाओं या आलेखों तक ही सीमित हैं और जिन का पूर्ण प्रचलन अभी विशेषज्ञों के बीच नहीं हुआ है । समय के साथ ये शब्द लुप्त भी हो सकते हैं और स्थिर भी हो सकते हैं । पर्याय निर्माण की दृष्टि से भारत के संदर्भ में ऐसे शब्दों का चयन कहाँ तक समीचीन है इसका निर्णय हमारी विशेषज्ञ समितियों के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती थी । प्रयोग-प्रक्रिया से बने शब्द के मूल्यांकन का मानदंड निर्माण या पर्याय प्रक्रिया से बने शब्द के मूल्यांकन के मानदंड से भिन्न होता है ।

पुस्तक के दूसरे खंड में शब्दावली हिंदी-अंग्रेजी क्रम में है । अंग्रेजी में हर वर्ण एक के बाद एक स्वतंत्र रूप से लिखा जाता है, अतः कोश के अक्षर-क्रम में सामान्यतः भ्रम की गुंजाइश नहीं होती । इसके विपरीत देवनागरी वर्णमाला में मात्राओं के संयुक्ताक्षरों, अनुस्वार, विसर्ग, हल चिह्न तथा विशेषक चिह्नों आदि के प्रयोग के कारण हिंदी के वर्णक्रम के संबंध में कई पाठकों के मन में भ्रम बना रहता है । इसके अलावा संपूर्ण शब्दावली का प्रबंधन कंप्यूटर-साधित प्रणाली द्वारा होने के कारण कोश की परंपरागत वर्णक्रम व्यवस्था पर कुछ स्थलों पर पुनर्विचार करना पड़ा । परंपरागत कोश प्रणाली में ड-ड़, अं-अँ, फ-फ़, और ज/ज़ के बीच प्राथमिकता का कोई क्रम निर्धारित नहीं है मानो दोनों एक ही वर्ण हों। लेकिन कंप्यूटर के संदर्भ में इनके पूर्वापर क्रम के संबंध में निर्णय लेना ज़रूरी हो गया -पहले 'हंस' शब्द आए या हँस, डांस शब्द आए या डाँस, 'हिंदी' शब्द आए या 'हिन्दी' 'ड'आए या ड़, 'फ' आए या 'फ़' । अतः पाठकों की सुविधा के लिए हम आगे हिंदी प्रविष्टियों का वर्णक्रम दे रहे हैं ।

वर्णक्रम योजना

स्वर : अँ अं अः/अ आँ आं आ ऑ इं इ ईं ई उँ उं उ ऊँ ऊं ऊ ऋ एँ एं ए ऐं ऐ ओं ओ औं औ ।
व्यंजन : क क्ष ख/ख़ ग/ग़ घ च छ ज/ज़ ज्ञ झ ट ठ ड/ड़ ढ/ढ़ ण त त्र थ द ध न प फ/फ़ ब भ म य र ल व श श्र ष स ह

उदाहरण :

1. कँ कं कः/क काँ कां का कॉ किं कि कीं की कुँ कुं कु कूँ कूं कू कृं कृ कें के कैं कै कों को कौं कौ
2. कँकड़ीला, कंकण, कंकत, कंकाल, कंगन, कंगूरा, कंचुकी, कंट, कठ्य, कक्का, कक्षा, कलाकार, काँच, कांत, कालानुक्रम, कॉलिज, किताब, कीट, कुंचन, कुंडल, कुत्ता, कूंज, कूदना, कृंतक, कृपा, केंद्र, केला, कैंची, कैद, कोंपल, कोटि, कोड़ा, कौंध, कौतुक, कौशल, कौषेय, कौस्तुभ, क्यारी, क्यों, क्रंदन, क्रम, क्रांति, क्रिया, क्रीड़ा, क्रुद्ध, क्रूर, क्रेता, क्रोध, क्रौंच, क्लांति, क्लिष्ट, क्वण, क्वांरा, क्षण, क्षत्रिय, क्षमा, क्षय, क्षरण, क्षितिज, क्षीण, क्षुद्र, क्षेत्र, क्षैतिज, क्षोभ, क्षौर ।

सामान्य नियम :

1. कोश के वर्णक्रम में पूर्ण अक्षर से पहले अनुनासिक व अनुस्वार चिह्न रँ, रं युक्त वर्ण आएगा, जैसे हँस, हंस, हस, हास, ह्रास
2. आधे अक्षर पूर्ण अक्षरों के बाद आएंगे, जैसे कर, कर्कट, कौन, क्या ।
3. संयुक्ताक्षरों का वर्णक्रम उनके घटकों के क्रम से निर्धारित होता है, जैसे क्ष = क्+ष, त्र = त्+र, ज्ञ = ज्+ञ, श्र = श्+र , क्रम = क्+र+म , कर्म = क+र्+म , द्व = द्+व

मैं सभी विशेषज्ञों का कृतज्ञ हूं जिनके श्रमसाध्य योगदान से यह शब्द-संग्रह प्रस्तुत किया जा सका । अंत में मैं आयोग अध्यक्ष प्रो. सूरजभान सिंह का आभारी हूं जिन्होंने मुझे यह दायित्व सौंपकर मेरे शैक्षिक अनुभव में श्रीवृद्धि की।

प्रेमानन्द चन्दोला
संपादक

खंड – I

अंग्रेजी - हिंदी

3—98 M. of H.R.D./ND/92

abbreviation	1. संक्षेप, संक्षिप्ति 2. संकेताक्षर
abdominal breathing	उदरीय श्वसन
abdominal cavity	उदर गुहिका, उदर विवर
A-belian group	अ-बेली समूह
aberrant	विपथी, अपगामी
aberration	विपथन, अपगमन
abessive case	बिनावाची कारक
ablation	अपादान
ablative case	अपादान कारक, पंचमी विभक्ति
ablaut	अवश्रुति
abnormal	अपसामान्य
abnormal sibilant	अपसामान्य ऊष्म
abnormal vowel (=central vowel)	मध्य स्वर
abridged clause	संक्षिप्त उपवाक्य
abridgement	संक्षेपण
abrupt	1. असंलग्न 2. स्फोटी
absolute	1. निरपेक्ष; पूर्ण 2. विशिष्ट 3. विशेष्यभूत
absolute ablative	निरपेक्ष अपादान
absolute adjective	विशेष्यभूत विशेषण
absolute case	निरपेक्ष कारक
absolute change	पूर्ण परिवर्तन
absolute complementation	निरपेक्ष पूरकीकरण
absolute consonant	सहवर्तित व्यंजन
absolute construction	निरपेक्ष रचना
absolute duration	निरपेक्ष कालावधि
absolute equivalent	पूर्ण सम; पूर्ण समानार्थी
absolute form	निरपेक्ष रूप
absolute neutralization	पूर्ण निर्विषमीकरण
absolute pitch	निरपेक्ष स्वराघात
absolute position	निरपेक्ष स्थिति

absolute superlative	विशिष्ट तम-भाव, विशिष्ट अतिशय कोटि
absolute term	निरपेक्ष पद
absolute universal	पूर्ण सार्वभौम, निरपेक्ष सार्वभौम
absolutive mood	निरपेक्षिक क्रियार्थ, निरपेक्षिक वृत्ति
absorption	विलयन, अंतर्लयन, आत्मसात्करण
abstract concept	अमूर्त संप्रत्यय, अमूर्त संकल्पना
abstraction	1. भावानयन 2. निष्कर्षण 3. अमूर्तन
abstract language	अमूर्त भाषा
abstract meaning	भाववाचक अर्थ, अमूर्त अर्थ
abstract name	गुणवाचक संज्ञा, गुणवाचक नाम; भाववाचक संज्ञा, भाववाचक नाम
abstractness	1. अमूर्तता 2. सामान्य धर्म
abstract noun	भाववाचक संज्ञा, भाववाचक नाम; गुणवाचक संज्ञा, गुणवाचक नाम
abstract phonology	अमूर्त स्वनिमविज्ञान
abstract subject	अमूर्त कर्ता
abstract substantive	भाववाचक संज्ञा
abstract term	भाववाचक शब्द; अमूर्त पद
abstract vocabulary	सामान्यधर्मी शब्द-समूह
abstract word	सामान्यधर्मी शब्द
abutting consonant	संलग्न व्यंजन
academic language proficiency	शैक्षिक भाषा-प्रवीणता
accent	आघात; लहजा; बल
accent affectif	भावात्मक आघात
accent aiguisé	एगिज़े आघात
accented	आघातित
accent frappé	फ्रापे आघात
accentless tone	आघातहीन तान

accent mark	आघात चिह्न
accent shift	आघात परिवृत्ति
accentual phoneme	आघात स्वनिम
accentuation	आघातन
accentuation principle	आघातन सिद्धांत
acceptability	स्वीकार्यता
acceptability hierarchy	स्वीकार्यता अधिक्रम
acceptable	स्वीकार्य
accessibility	अभिगम्यता
accessory nerve	सहायक तंत्रिका
accessory word	सहायक शब्द
accidence	1. रूपावली 2. रूपप्रक्रिया
accommodation	आंशिक समीकरण
accommodative aspect	परस्मै पक्ष
accord	अन्विति
accretion	अभिवृद्धि
accretive element	अभिवर्धक तत्व
acculturation	परसंस्कृतिग्रहण
acculturation model	परसंस्कृतिग्रहण मॉडल
accumulated intension	संचित अर्थव्याप्ति, संचित आशय
accuracy	परिशुद्धता, यथार्थता
accusative case	कर्म कारक, द्वितीया विभक्ति
accusative system	कर्मकारकीय व्यवस्था
achievement test	उपलब्धि परीक्षण
achronistic	एककालिक
achronological restatement	कालक्रमातीत पुनः कथन
acme stricture	उच्चतम निकोच
acoustic	ध्वनिक
acoustic colouring	ध्वनिक रंजन, ध्वनिक छाया
acoustic cue	ध्वनि अनुसंकेत
acoustic effect	ध्वनिक प्रभाव
acoustic energy	ध्वनिक ऊर्जा
acoustic feature	भौतिक ध्वनि लक्षण
acoustic impression	भौतिक ध्वनि-संस्कार, भौतिक ध्वनि-परिणाम
acousticist	ध्वनिविज्ञानी
acoustic nerve	ध्वनि-तंत्रिका
acoustic phonetics	भौतिक स्वनविज्ञान
acoustic record	ध्वनि-लेख
acoustic reflex	ध्वनि-प्रतिवर्त
acoustics	ध्वनिविज्ञान, ध्वानिकी
acoustic spectrum	ध्वनि-स्पेक्ट्रम
acoustic technique	ध्वनिक प्रविधि
acoustic wave	ध्वनि तरंग
acquired dysfunction	अर्जित अपक्रिया
acquired dysgraphia	अर्जित अपलेखन
acquired dyslexia	अर्जित अपपठन
acquisition	अर्जन
acquisition of register	प्रयुक्ति अर्जन
acquisition of vocabulary	शब्दावली अर्जन, शब्दार्जन
acrolect	उच्च भाषिका
acronym	परिवर्णी शब्द
acrophonetic writing	चित्र-स्वन लेखन
acrophony	चित्र-स्वन प्रयोग
acrostics	चित्राक्षर विज्ञान, चित्राक्षरकी
actant	कर्तृक
acteur	संकर्तृक
action nominal	क्रिया नामिक, क्रियार्थक संज्ञा, क्रियार्थक नाम
action noun	क्रियार्थक नाम, क्रियार्थक संज्ञा
action word	क्रियावाचक शब्द, क्रियार्थक शब्द
active case	कर्तृ कारक, कर्तृ विभक्ति
active chamber	सक्रिय कोष्ठ
active construction	कर्तृवाच्य रचना, कर्तृवाचक रचना
active imperative	कर्तृवाच्य आज्ञार्थक
active verb	1. सकर्मक क्रिया 2. कर्तृ-क्रिया

active vocabulary	सक्रिय शब्द-भंडार, सक्रिय शब्दावली, सक्रिय शब्द-समूह
active voice	कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग
actor	कर्ता
actor-action-goal	कर्तृ-क्रिया-कर्म
actualization	प्रत्यक्षीकरण
acute accent	उदात्त
acute feature	उदात्त अभिलक्षण
acute (sound)	उदात्त (स्वन)
Adam's apple	अवटु-उद्वर्ध, कंठमणि, टेंटुआ
adaptation	अनुकूलन
adaptation of loans	आगत शब्दों का अनुकूलन
adaptation theory	अनुकूलन सिद्धांत
adaptive change	अनुकूली परिवर्तन
addition modulo	संकलन मापांक, संकलन मॉड्डुलो
addition rule	योजन नियम, आगम नियम
additive bilingualism	योगात्मक द्विभाषिकता
additive clause	योगज उपवाक्य
additive marker	योजक चिह्न
address	संबोधन
address diacritics	पता विशेषक चिह्न
adequacy	पर्याप्ति, पर्याप्तता
adequation	पर्यापन
adessive case	निकटतावाची कारक
adherent adjective	सहवर्ती विशेषण
ad hoc oral translation	तदर्थ मौखिक अनुवाद
aditive case	अभिमुखार्थ कारक
adjacency pair	सहवर्ती युग्म, आसन्न युग्म
adjectival case	विशेषण कारक, विशेषण विभक्ति
adjectival clause	विशेषण उपवाक्य
adjectival phrase	विशेषण पदबंध
adjective	विशेषण, गुणवाचक
adjective phrase	विशेषण पदबंध
adjunct	1. विशेषक 2. अनुबंध 3. उद्देश्य-अनुबंध
adjunction transformation	अनुबंधी रचनांतरण
adjunct string	अनुबंध रज्जु, अनुबंध माला
adjustment model	समायोजन प्रतिरूप
adnex	विधेय-अनुबंध
adnominal	संज्ञा संबंधी, नाम संबंधी
adopted word	गृहीत शब्द
adoption	ग्रहण
adstratum	1. निकटतल 2. निकटतल भाषा
adult misinterpretation	वयस्क मिथ्याबोध
adultocentric	वयस्ककेंद्रित
adventitious sound	आगंतुक स्वन, अस्थानिक स्वन
adverb	क्रियाविशेषण
adverbial	1. क्रियाविशेषण 2. क्रियाविशेषणात्मक
adverbial clause	क्रियाविशेषण-उपवाक्य
adverbial expression	क्रियाविशेषणात्मक अभिव्यक्ति
adverbial modifier	क्रियाविशेषणात्मक विशेषक
adverbial phrase	क्रियाविशेषण पदबंध
adversative conjunction	विरोधवाची समुच्चयबोधक
aerodynamic theory of phonation	वायुगतिक स्वननवाद
aesthetic function	सौंदर्यपरक प्रकार्य
aesthetic object	आस्वाद्य वस्तु
aesthetic reading	आस्वाद्य पठन, काव्यार्थबोधक पठन
aesthetic symbol	सौंदर्यानुभूति प्रतीक
aesthetic transfer	सौंदर्यपरक अर्थांतरण, सौंदर्यपरक अर्थविपरिणाम
aetiological (=etiological)	हेतुनिरूपी
aetiology	हेतुविज्ञान, कारणविज्ञान

affect (=intonation affective)	भाव, संवेग
affection	प्रभावन; स्वनविकार
affective filter	भावक फिल्टर
affective language	भावप्रधान भाषा, संवेगात्मक भाषा
affective meaning	भावपरक अर्थ
affective similarity	भावात्मक सादृश्य
affective stylistics	प्रभावपरक शैलीविज्ञान
affective verb	प्रभावी क्रिया
affectum object	प्राप्य कर्म, विकार्य कर्म
affinity	बंधुता
affirmation	अस्ति, सकार
affirmative	1. अस्तिवाचक 2. स्वरूपवाचक
affirmative conjunction	स्वरूपवाची समुच्चयबोधक
affix	प्रत्यय
affixation	प्रत्यययोजन
affix formal analogy	प्रत्यय रूप-सादृश्य
affixing language	प्रत्ययप्रधान भाषा
affricate	स्पर्श-संघर्षी, अनुघर्षी
affrication	स्पर्श-संघर्षण, अनुघर्षण
after sound	पश्च ध्वनि
age and area theory	काल-क्षेत्र सिद्धांत
age-area hypothesis	काल-क्षेत्र प्राक्कल्पना
agent	कर्ता, कर्तृ-, साधक; अभिकर्ता
agent action	कर्तरि प्रयोग
agential case	कर्तृकारक, कर्ताकारक, साधक कारक, कर्तृ विभक्ति, साधक विभक्ति
agentive	अभिकर्ता
agentive nominal	कर्तृ नामिक
agent noun	कर्तृ संज्ञा, साधक संज्ञा, कर्तृ नाम, साधक नाम
agglomerating language	समावेशक भाषा, प्रश्लिष्ट योगात्मक भाषा
agglutinating prefix	योजक पूर्वप्रत्यय
agglutinating suffix	योजक परप्रत्यय
agglutination	योजन
agglutinative	योगात्मक
agglutinative language	योगात्मक भाषा
agnate sentence	सजातीय वाक्य
agnation	पितृबंधुता, सजातीयता
agnosia	अबोधिता
agrammatic	व्याकरण विकारी
agrammatism	व्याकरण विकार
agraphia	लेखन अक्षमता, लेखन विकार
agraphic	लेखन अक्षम, लेखन विकारी
agreement	अन्वय, अन्विति
agricultural class	कृषक वर्ग, खेतिहर वर्ग, कृषि-वर्ग
ahistoricity	अऐतिहासिकता, निरपेक्षता
air chamber	वायु कोष्ठ
air mechanism (=air stream mechanism)	वायु प्रवाह-तंत्र
air puff theory	वायु-उच्छ्वासवाद
air stream	वायु प्रवाह
air stream process	वायु प्रवाह प्रक्रिया
alethic	सत्याश्रयी
algorithm	कलनविधि, ऐल्गोरिथ्म, प्रतीकगणित
alienable (possession)	वियोज्य (संबंध)
alien word	विदेशी शब्द
allative case	अभिवाचक कारक
allegro form	त्वरितोच्चारित रूप
alliteration	अनुप्रास
allo-	उप-
allo-and-eme principle	उप-और-इम नियम
allocation	संबंध विभक्ति
allochrone	उपमात्रक
allogram	उपचिह्न
allograph	उपवर्ण
allolect	उपभाषिका

allomorph	उपरूप
allophone	उपस्वन
allophonic	उपस्वनिक
alloseme	उपार्थ
allo sentence	सहवाक्य
allotagm	उपबंध
allotext	उपपाठ
allusion	संकेतित प्रसंग
alogism	चिह्नक, एलोजिज़्म
alphabet	वर्णमाला
alphabetic dictionary	वर्णक्रमानुसारी कोश, वर्णक्रमिक कोश
alphabetic order	अकारादि क्रम, आनुवर्णिक क्रम
alphabetic sound	वर्ण-स्वन
alphabetic writing	वर्ण-लेखन
alpha movement	ऐल्फ़ा संचलन, आद्य संचलन
alpha notation	ऐल्फ़ा अंकन
alpha phone	ऐल्फ़ा स्वन
alpha phoneme	ऐल्फ़ा स्वनिम
alpha phonoid	ऐल्फ़ा स्वनिमायतम् (तमिल)
alteration	परिवर्तन
alteration of meaning	अर्थ परिवर्तन
alternance	परिवर्तन, विकल्पन, विचरण
alternant	परिवर्त, विकल्प, विचर
alternating stress rule	प्रत्यावर्ती बलाघात नियम
alternation	परिवर्तन
alternation condition	परिवर्तन प्रतिबंध
alternation morph	परिवर्त-रूप
alternative	विकल्प (सं.), वैकल्पिक (वि.)
alternative class	वैकल्पिक वर्ग, परिवर्तन वर्ग
alternative replacement	वैकल्पिक प्रतिस्थापन
alveolar	वर्त्स्य
alveolar arch	वर्त्स्य चाप
alveolar region (=alveolar ridge)	वर्त्स्य प्रदेश
alveolar stop	वर्त्स्य स्पर्श

alveolus	वर्त्स, दंत उलूखल, दंत कोष्ठिका
alveo-palatal	वर्त्स्य-तालव्य
amalgam	संलय
amalgamating language	संलयात्मक भाषा
amalgamation (=fusion)	संलयन
ambifix	उभयप्रत्यय
ambiguity	अनेकार्थकता, संदिग्धार्थकता
ambiguity tolerance	अनेकार्थ सहिष्णुता
ambiguous	अनेकार्थक, संदिग्धार्थक, अस्पष्ट
ambilingual	समद्विभाषी
ambisyllabic	उभयाक्षरिक, उभयाक्षरी
ambivalence	उभयभाविता
ambivalent	उभयभावी
amelioration	अर्थोत्कर्ष
ameliorative change	उत्कर्षक परिवर्तन
ameliorative sense development	अर्थोत्कर्षक विकास
amnesia	स्मृतिलोप, स्मृतिभ्रंश
ampersand &	समुच्चयचिह्न, 'और'सूचक, ऐंपरसैन्ड
amphibology	संदिग्धता, अनेकार्थकता
amplification	विस्तारण
amplificative	विस्तारक
anacoluthon	अर्धोक्ति
anadiplosis	अंत्य पद आवृत्ति
anagram	विपर्यय सिद्ध (शब्द)
analogical change	सादृश्यमूलक परिवर्तन
analogical creation	सादृश्यमूलक सृष्टि
analogical extension	सादृश्यमूलक विस्तार
analogical form	सादृश्यमूलक रूप
analogical induction	सादृश्यमूलक निवेशन
analogical levelling	सादृश्यमूलक स्तरीकरण
analogical sign	सादृश्यमूलक संकेत
analogist	नियमवादी

analogous	सदृश, समान
analogous environment	सदृश परिवेश, समान परिवेश
analogous pair	अल्पदेशीय युग्म, न्यूनकल्प युग्म
analogue	सदृश रूप
analogy	सादृश्य
analyser	विश्लेषक
analysis	विश्लेषण
analysis by analysis	विश्लेषण द्वारा विश्लेषण
analytic	विश्लेषणात्मक
analytical approach	विश्लेषणात्मक उपागम
analyticity	विश्लेषणीयता
analytic language	विश्लेषणात्मक भाषा
analytic sentence	विश्लेषणात्मक वाक्य, विश्लिष्ट वाक्य
anaphora	अन्वादेश
anaphoric	अन्वादेशक
anaphoric word	अन्वादेशक शब्द
anaptyctic insertion	विप्रकर्ष-प्रक्षेप, स्वर-भक्ति
anaptyctic vowel	विप्रकर्षक स्वर, भक्ति स्वर
anaptyxis	विप्रकर्ष, स्वर-भक्ति
anastrophe	विपर्यय
anatomy	1. शरीर रचना 2. शरीर-रचना विज्ञान
ancestor note	पूर्वज आसंधि
anchor	लंगर
angled brackets (=angular brackets)	कोणीय कोष्ठक (< >)
anglicism	आंग्लता
anglicization	आंग्लीकरण
animal cry	पशु विराव
animate	सजीव, चेतन
animate gender	चेतन लिंग
animate noun	सजीव संज्ञा प्राणिवाचक संज्ञा, चेतन संज्ञा
annoyers	रोषक
anomalist	अनियमवादी
anomalous	असंगत
anomaly	असंगति
anomia	नामन विकार, नामन अक्षमता
anomic	नामन विकारी, नामन अक्षम
answer processing	उत्तर संसाधन
antecedent	पूर्वपद (सं.); पूर्ववर्ती (वि.)
ante-consonantic	व्यंजनपूर्व
antepenult	उपधापूर्व, उपांत्यपूर्व
antepenultimate	उपधापूर्व, उपांत्यपूर्व
anteposition	पूर्वस्थिति
anterior	पूर्ववर्ती; पूर्व
anterior position	पूर्व स्थान
anterolingual	पूर्वजिह्वीय
anthropological linguistics	नृवैज्ञानिक भाषाविज्ञान
anthropomorphic (term)	मानवत्वारोपित (शब्द), मानवविध (शब्द)
anthroponymy	मानवनामविज्ञान
anthroposophy	मानवविद्या
anticipation	पूर्वेक्षा, पूर्वापेक्षा; पूर्वाभास
anticipatory assimilation	पूर्वापेक्षी समीकरण; पूर्वापेक्षी समीभवन
anticipatory coarticulation	पूर्वापेक्षी सह-उच्चारण
anti-language	अपभाषा
anti-mentalist	मनोवाद-विरोधी
antinomy	विरुद्धार्थ
antipode	विपरीत
anti-resonance	प्रत्यनुनाद
anti-sigma	प्रतिसिग्मा
anti-symmetric relation	प्रतिसममित संबंध
antithesis	1. प्रतिपक्ष 2. प्रतिस्थापना, प्रतिस्थापन
antonomasia	प्रतिनाम, नामांतरण
antonym	विरुद्धार्थक, विलोम, विपर्याय
antonymous catchword	विरुद्धार्थी सूचक पद
antonymy	विरुद्धार्थकता, विलोमता, विपर्यायत्व
aorist	अनिर्दिष्ट भूतकाल

A-over-A principle / condition	अ-उपरि-अ सिद्धांत; अवयव स्थानांतरण प्रतिबंध, अवयव स्थानांतरण सिद्धांत
apenthesis	मध्यनिहिति
aperture	रंध्र
apex	जिह्वाग्र
aphaeresis (=apheresis)	आदि स्वनलोप
aphasia	भाषाघात, अफ़ेज़िया
aphesis	आदिलोप; आदि स्वरलोप
aphoristic sentence	सूत्रात्मक वाक्य, सूक्ति
apical	जिह्वाग्रीय
apical articulation	जिह्वाग्रीय उच्चारण
apical contact	जिह्वाग्रीय संस्पर्श
apocope	अंत्यलोप
apodosis	परिणाम-उपवाक्य; फलवाक्य
apophony	अवश्रुति
aposiopesis	वाग्विच्छेद
a posterior language	आश्रित कृत्रिम भाषा
apostrophe	1. अपोस्ट्रोफ़ी चिह्न, लोपचिह्न (') 2. संबोधन
apotheosis	उत्कर्ष
apparitional aspect	आभासी पक्ष
appellative	1. जातिवाचक संज्ञा, सामान्य नाम 2. श्रोतृ-बोधक
apperception	संप्रत्यक्ष
application	1. मुख्यार्थ 2. अनुप्रयोग
applicative aspect	परस्मै पक्ष
applied linguistics	अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान
appoggio	श्वास-विराम, अपोज्यो
apposition	समानाधिकरण
appositional compound	समानाधिकरण कर्मधारय समास
appositive	समानाधिकरणिक
approach	उपागम; दृष्टिकोण
appropriateness	औचित्य
approximant(s)	अप्राक्सीमैंट, अभिगामी (स्वन)

approximative system	निकटगामी व्यवस्था
apraxia	चेष्टा-अक्षमता
apraxic	चेष्टा-अक्षम
a priori language	अनाश्रित कृत्रिम भाषा
arbitrariness	यादृच्छिकता
arbitrary	यादृच्छिक
arbitrary connection	यादृच्छिक संबंध
arbitrary sign	यादृच्छिक चिह्न
arbitrary symbol	यादृच्छिक प्रतीक, यादृच्छिक संकेत
arc	चाप
arch	चाप-चिह्न
archaic	1. पुरागत, आद्य 2. आर्ष
archaism	पुरागत प्रयोग
archetypation	आद्य प्ररूपण
archetype	आद्य प्ररूप, आर्किटाइप
archimorpheme	आर्कीरूपिम
archiphoneme	आर्कीस्वनिम
archi segment	आर्की खंड
area	क्षेत्र
areal linguistics	क्षेत्रीय भाषाविज्ञान, भाषा-भूगोल
areal norm	क्षेत्रीय मान
areography	क्षेत्रीय अध्ययन
argot	गुट बोली; कूट बोली
argument	1. युक्ति 2. समुद्दिष्ट संज्ञा पद 3. स्वतंत्र चर
argumentation	वितर्कन
arrangement	विन्यास
arrangement of entries	प्रविष्टि विन्यास
array	सरणि, सरणी
arresting	अवरोधक
arresting chest pulse	अवरोधक वक्ष-स्पंद
arresting consonant	अवरोधक व्यंजन, विरामक व्यंजन
arresting pulse	अवरोधक स्पंद

arresting segment	अवरोधक खंड
article	उपपद, आर्टिकल
articulate	उच्चारण करना
articulated sound	उच्चारित स्वन
articulated speech	उच्चारित वाक्
articulate sentence	सर्वांग वाक्य
articulation	उच्चारण
articulation handicap	उच्चारण अक्षमता
articulation type	उच्चारण प्ररूप
articulator	करण
articulatory apraxia	उच्चारणात्मक गति-अक्षमता
articulatory phonetics	उच्चारणात्मक स्वनविज्ञान
articulatory process	उच्चारणात्मक प्रक्रिया
articulatory region	उच्चारण-क्षेत्र, उच्चारण-स्थान
artifact (=artefact)	कलाकृति, मानवकृति
artificial intelligence	कृत्रिम बुद्धि, कृत्रिम प्रज्ञान
artificial language	कृत्रिम भाषा, कल्पित भाषा
artificial larynx	कृत्रिम काकल, कृत्रिम स्वरयंत्र
artificial palate (=false palate)	कृत्रिम तालु
artificial segment	कृत्रिम स्वनिक खंड
art object	कला वस्तु
art symbol	कला प्रतीक
Aryanization	आर्यीकरण
aryepiglottic fold	दर्वी कंठच्छद पुटक
arytenoid	दर्वीकल्प
arytenoid cartilage	दर्वीकल्प उपास्थि
arytenoid muscle	दर्वीकल्प पेशी
ascending pitch	आरोही स्वराघात
ascending process	आरोही प्रक्रम
aspect	पक्ष
aspirate	महाप्राण
aspirated	महाप्राण-

aspirated consonant	महाप्राण व्यंजन
aspirated stop	महाप्राण स्पर्श
aspiration	महाप्राणत्व, महाप्राणता
aspiration component	महाप्राण घटक
aspiration process	महाप्राण प्रक्रिया
assertion	निश्चयात्मक कथन, अभिकथन
asseveration	दृढ़ कथन
assibilant	स्पर्श-शर्, ऊष्मीकृत स्पर्श, स्पर्शोष्म
assibilation	शर्करण, ऊष्मीकरण
assignment	नियत कार्य, दत्त कार्य
assimilated phoneme	समीभूत स्वनिम, समीकृत स्वनिम
assimilation	समीभवन; समीकरण
assimilatory phoneme	समीकारक स्वनिम
associational word	सहचारी शब्द
association group	साहचर्य वर्ग
association line	साहचर्य सूचक रेखा
association theory	साहचर्य सिद्धांत
associative etymology	सहचारी व्युत्पत्ति
associative operation	साहचर्य संक्रिया
associative relation	सहचारी संबंध
assonance	स्वरावृत्ति
asterisk	तारांक, ताराचिह्न
asterisk convention	तारांकन परिपाटी
asyllabic	अनाक्षरिक
asymmetric	असममित
asymmetrical relation	असममित संबंध
asymmetric predicate	असममित विधेय
asymmetry	असममिति
asynchronism	असहकालिकता
asyndetic	संयोजकहीन, अप्रकटान्वित

asyndetism	संयोजकहीनता, अप्रकटान्वय
asyndeton	संयोजकहीन रचना
asyntactic compound	वाक्यानुपयुक्त समास
atelic aspect	अपूर्ण पक्ष
athematic	अविकरण, विकरणहीन
athematic compound	अविकरण समास
